2024/308

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट बनाम **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

श्री प्रकाश चन्द्र
निवासी मेघवाल वास, हवाई पटटी
के पास, वार्ड नं. 03 आबूरोड
जिला सिरोही।

सरकार जरिये सहायक लोक सूचना अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी आबूपर्वत

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005** मुकदमा नं. 62 वर्ष 2024

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
18.12.2024	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्व सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई। अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे। अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी आबूपर्वत को दिनांक 01.11.2021 को एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि आबूरोड तहसील के वार्ड नं. 5 मानपुर ग्रामीण के मेघवाल वास से भील वास तक जो रोड नगरपालिका आबूरोड द्वारा प्रदान किया गया है, उसकी वास्तविक माप क्या है एवं नगरपालिका द्वारा कितने फीट रोड की सुविधा प्रदान की गई है। उपरोक्त जानकारी से सम्बन्धित सूचना सहायक लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं। मैने पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10/– जमा करा दिए है। अपीलांट द्वारा सहायक लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी आबूपर्वत को दिनांक 01.11.2021 को एक ऑनलाईन प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि आबूरोड तहसील के वार्ड नं. 5 मानपुर ग्रामीण के मेघवाल वास से भील वास तक जो रोड नगरपालिका आबूरोड द्वारा प्रदान किया गया है, उसकी वास्तविक माप क्या है एवं नगरपालिका द्वारा कितने फीट रोड की सुविधा प्रदान की गई है। उपरोक्त जानकारी से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। पत्रावली के अवलोकन से यह पाया जाता है कि अपीलांट द्वारा मांगी गई उपरोक्त सूचना सहायक लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी आबूपर्वत द्वारा उपलब्ध नहीं करवाई गई है। अतः ऐसी स्थिति में अपीलांट की अपील स्वीकार की जाकर सहायक लोक सूचना अधिकारी उपखण्ड अधिकारी आबूपर्वत को आदेशित किया जाता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई समस्त सूचना तत्काल नियमानुसार [illegible] जावे। यदि सूचना देना नियमों में संभव नहीं हो तो [illegible] अपीलांट को सूचित करें। निर्णय सर–ए–इजलास सुनाया गया। पत्रावली [illegible] शुमार होकर नंबर से कम हो। (अल्पा चौधरी) **जिला कलक्टर, सिरोही**	

Signature Not Verified
Digitally signed by Alpa Choudhary
Date: 2025.02.12 15:47:10 IST
Reason: SelfAttested

Scanned with CamScanner